# विधायक ममता देवी समेत 13 अभियुक्तों को कोर्ट ने दोषी करार दिया था

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** वर्ष 2016 में गोला में हुए बहुचर्चित गोलीकांड में रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित 13 अभियुक्तों पर न्यायालय ने आठ दिसंबर को आरोप तय करते हुए दोषी करार दिया था। व्यवहार न्यायालय के अपर न्यायाधीश विशेष न्यायालय एमपी एमएलए की अदालत ने रजरप्पा थाना कांड संख्या 17/2016 मे सुनवाई करते हुए मुख्य आरोपी राजीव जायसवाल, विधायक ममता देवी, कुंवर महतो, दिलदार अंसारी, भावेश्वर भगत, यदु महतो, मनोज, पूजा, कालेश्वर महतो, लाल बहादुर महतो, वासुदेव प्रसाद, आदिल इनामी, अभिषेक कुमार सोनी और सुभाष महतो को भादवि की धारा 147,148,149,341,353,324 325,326,340,338,309,504 ,506 427 और 435 में दोषी पाया था।



ममता देवी की फाईल फोटो

**गोलीकांड में हुई थी 45 गवाही, बीडीओ ने कराई थी प्राथमिकी**

इस मामले में कुल 45 गवाही हुई थी। घटना के बाद गोला बीडीओ दिनेश कुमार सुरीन के फर्द बयान पर रजरप्पा थाना में मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजक सरोज लकड़ा अधिवक्ता मनोज कुमार और आत्मा राम चौधरी और बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संसार जायसवाल ने अपना पक्ष रखा था। रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड बीडीओ दिनेश कुमार सुरीन ने रजरप्पा थाना में 79-2016 के तहत मामला दर्ज कराया था. इसमें 50 नामजद और 400-500 महिला-पुरुष अज्ञात को आरोपी बनाया गया था. रजरप्पा थाना कांड संख्या 79-2016 में धारा 147, 148, 149, 341, 342, 323, 353, 324, 325, 326, 337, 338, 307, 504, 506, 427, 435 आइपीसी की धारा 27 आर्म्स एक्ट लगाया गया. आइपीएल फैक्ट्री गेट के पास आंदोलन व पुलिस गोलीबारी में दो आंदोलनकारियों रामलखन महतो, पिता जानकी महतो ग्राम बरियातु, दशरथ नायक पिता भोला नायक नावाडीह दोनों की मृत्यु हो गयी.आठ लोग घायल हुए थे. इनमें कुंवर महतो, पिंटू कुमार महतो, सुमित मुंडा, जिरवा देवी, सुभाषचंद्र महतो, गुनर महतो को इलाज के लिए रांची रिम्स भेजा गया. इस घटना में पुलिस पदाधिकारी, पुलिस कर्मी और बीडीओ भी पत्थबाजी में घायल हुए थे. रामप्रसाद रजक, अनुज कुमार सिंह, बिनोद सिंह, सुरेश मिंज, विपिन, अमित कुमार, राहुल कुमार सिंह, दिनेश सिंह, सुरेश गोप, मुन्ना कुमार सिंह, संजय कुमार, कौशल कुमार शर्मा, नरेंद्र प्रसाद, कुमारी जयललिता, देवंती देवी, रूकन देवी, मोमी देवी, जितराम महली, कौलेश्वर राम मुंडा, जयमोद कुमार, देवेंद्र कुमार सिंह, गोपाल यादव सभी पुलिस कर्मी घायल हुए थे। बीडीओ दिनेश कुमार सुरीन भी स्वयं घायल होने की बात एफआइआर में कहा है।

### क्या है पूरा घटनाक्रम

20 अगस्त 2016 को रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में आइपीएल कंपनी को बंद कराने को लेकर कंपनी के सामने ममता देवी के नेतृत्व नागरिक चेतना मंच के बैनर तले 150–200 संख्या में ग्रामीण धरना पर बैठे थे। इस दौरान ग्रामीण उग्र हो गये थे। पुलिस को आत्मरक्षा और बचाव को लेकर फायरिंग करनी पड़ी थी। फायरिंग में राम लखन महतो पिता जानकी महतो और दशरथ नायक की मौत हो गई थी। वहीं, दो से तीन दर्जन लोग घायल भी हो गए थे। सुरक्षा में बतौर मजिस्ट्रेट तैनात सीओ, बीडीओ और थानेदार सहित अन्य जवानों को भी चोट आयी थी। गोलीकांड को लेकर रजरप्पा और गोला थाना कांड में चार अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इनमें गोला थाना में कांड संख्या 65/2016 , रजरप्पा थाना कांड संख्या 81/2016, गोला थाना कांड संख्या 79/2016 शामिल है।

**जनता के लिए विधायक दूसरी बार गयीं जेल : बजरंग महतो**

विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो ने कहा कि उनकी पत्नी रामगढ़ विधानसभा की जनता के लिए दूसरी बार जेल गयी हैं। आइपीएल फैक्टरी प्रबंधक की मनमानी के खिलाफ और मजदूरों के हित में आवाज बुलंद करते रहेगी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के सांठगांठ और पूर्ववर्ती भाजपा-आजसू की सरकार ने साजिश रजकर उन्हें फंसाया है। भाजपा और आजसू की सरकार ने राजनीति में बदले की भावना से उन्हें राजनीतिक शिकार बनाया है। न्यायिक व्यवस्था में पूरा भरोसा है। जनता के हित में आवाज उठाने वाले नेताओं को न्याय मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### टाटीझरिया में ग्रामीण रोजगार मेला का आयोजन आज

**टाटीझरिया।** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में 14 दिसंबर बुधवार को पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण विकास विभाग के सौजन्य से रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है। जिसमे जेएसएलपीएस के सीसी रवि रंजन ,धर्मवीर कु.साव,विजय कुमार ने कहा कि रोजगार मेला का आयोजन को लेकर प्रखण्ड के झरपो भराजो खैरा डूमर धर्मपुर डहरभंगा टाटीझरिया बेडम आठो पंचायत के विभिन्न गांवो में ओटो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष के ग्रामीण युवाओं युवतियों को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए पी.आई.ए. के द्वारा रजिस्ट्रेशन किया जाएगा एवं प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित युवक युवतियों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में बेरोजगार युवक युवतियां रोजगार मेले में आकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

### 15 वीं वित्त आयोग के तहत किया गया चापानल मरम्मति कार्य

**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के कई गांवों में इन दिनों 15 वीं वित्त आयोग के तहत खराब चापानल की मरम्मति कार्य इन दिनों आरंभ है। बता दे कि झरपो पंचायत में 13 दिसंबर मंगलवार को वार्ड न.03 श्याम कुमार शर्मा ने कहा कि लगभग 5 चापानल मरम्मति का कार्य किया गया है जो कि पंचायत क्षेत्र के मूहल्ले में खराब हुए चापानल को भी उपयोग में लाने योग्य बनाया जाना है । चापानल मरम्मति को देख मूहल्ले वासियों ने खुशी जाहिर किया।

### मुखिया सरिता देवी ने किया पोशाक का वितरण



**बरही।** प्रखण्ड अन्तर्गत केदारूत पंचायत में मुखिया सरिता देवी ने बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया सरिता देवी ने कहा कि अपने पंचायत के हर एक विद्यालय के प्रत्येक बच्चे को पोशाक दिया जाएगा।मौके पर उन्होंने पंचायत के सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा कि है सभी अभिभावक अपने बच्चों का नाम सरकारी स्कूल में दर्ज करावें।इससे सरकार द्वारा दिये गए योजनाओं से बच्चे लाभान्वित होंगे।जहाँ सरकार द्वारा दिये जाने वाले छात्रवृति के अलावे पोशाक मध्याह भोजन,किताबे,तथा प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की अच्छी व्यवस्था मिलेगी। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा स्कूल के ऊपर विशेष ध्यान दे रही है। सरकारी स्कूलों में सभी तरह की सुविधा दी जा रही है। मौके पर मुखिया सरिता देवी, विशेश्वर यादव, विद्यालय के शिक्षक मिथलेश प्रसाद, बिमला देवी उपस्थित रहे।

### स्थानीय विस्थापित मोर्चा की चेतना में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा की बैठक मंगलवार को चेतमा ग्राम में हुई। इसकी अध्यक्षता कुलदीप यादव और संचालान सीमा देवी और पियासों देवी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में बलकुदरा खदान मामले पर चर्चा की गई। कहा गया कि हर हाल में सीसीएल प्रबंधन को स्थानीय विस्थापित मोर्चा को हक अधिकार देना होगा। हमेशा सीसीएल प्रबंधन हमसबों को छलने का काम करती रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि उक्त मामले को ले मोर्चा आगामी 21 दिसम्बर को हजारों की सांख्या मे जुलुश के रूप में बलकुदरा खदान पहुंचेंगे। साथ ही काम दो वरना खादन बंद करो का नारा बुलंद किया जाएगा। इसके बाद भी प्रबंधन हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो आगामी 7 जनवरी को मोर्चा के लोग परम्परिक हथियार के साथ खदान को बंद कराएंगे। मौके पर विजय उरांव, पंकज महतो, रमेश महतो, विजय मुंडा, संजीत यादव, लीलावती देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

# जल है तो जीवन है : विधायक

## बरही विधायक ने किया ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास

14 करोड़ 95 लाख रुपये की प्राक्कलित राशि से किया जाएगा निर्माण

डेढ़ मिलियन लीटर प्रतिदिन मिलेगी पेयजल की सुविधा: विमल कुमार अभियंता

कई गावों को पेयजल की समस्या से मिलेगी निजात



ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखण्ड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के कारीमाटी गांव में ग्रामीण जलापूर्ति योजना का शिलान्यास निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला, प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिला परिषद सदस्या मंजू देवी, मुखिया नीलम देवी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रतिनिधि सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। इस योजना का प्राक्कलन 14 करोड़ 95 लाख 22 हजार रुपये है। विधायक ने शिलापट्ट का अनावरण करते हुए इसका विधिवत शिलान्यास किया। जलापूर्ति योजना का निर्माण पीएचईडी विभाग से कराया जा रहा है।कार्यक्रम का सम्बोधन आर्यभट्ट पब्लिक स्कूल परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता बासुदेव यादव व संचालन संटू कुमार राणा व उमेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि यह योजना इस क्षेत्र के लिए काफी महत्वपूर्ण है। ग्रामीण जलापूर्ति योजना से पंचमाधव पंचायत के कारीमाटी, धुडगड़गी, पडरिमा, माधोपुर, बसरिया, कोलंगा, जरहिया, दुलमहा पंचायत के सिंहपुर, केंदुआ, तेलोडिह, मलकोको पंचायत के बुंडू गांव को इसका लाभ मिलेगा। गांव के लोगों के बीच पिछले कई वर्षों से पेयजल को लेकर समस्या बनी हुई थी, इस योजना से पेयजल से सम्बंधित लोगों को निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित एजेंसी प्राक्कलन के अनुसार योजना का काम करें, काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, क्योंकि यह इस क्षेत्र के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। कहा कि 2024 के चुनाव से पहले योजना का उद्घाटन करते हुए पेयजल की सुविधा कोगों को मिलने लगेगी। कनीय अभियंता विमल कुमार ने बताया कि इस योजना अंतर्गत माधोपुर में इंटक वेल, कारीमाटी में डब्लूटीपी ट्रीटमेंट प्लांट, ईएसआर वाटर टैंक पंचमाधव मैदान में बनाया जाएगा। ग्रामीण जलापूर्ति योजना का निर्माण मेसर्स दीपक कुमार के द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, सामाजिक कार्यकर्ता बासुदेव यादव, पीएचईडी जेई विमल कुमार, प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड प्रतिनिधि सुनील साहू, होरिल गोप, रघुनन्दन गोप, परमेश्वर यादव, पंचमाधव की मुखिया नीलम देवी, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, संजय यादव, युवा नेता मनोहर यादव, पंसस कामेश्वर रविदास, बीरेंद्र यादव, नागेश्वर रजक सहित कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बड़कागांव।** प्रखंड के सभागार मे जिला सहकारिता विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड कृषि पदाधिकारी, आत्मा प्रखंड तकनीकी प्रबंधक ,पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी सहित प्रखंड मे संचालित पैक्स के अध्यक्ष ने भाग लिया । प्रखंड कृषि पदाधिकारि रवि रंजन ने कहा कि पैक्स भी आधुनिक खेती के विस्तार मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है इसके लिए आपको आगे आने की जरूरत है स्थानीय स्तर पर किसान भाई को पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से ऊपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करें ताकि पैदावार बढ़े और किसान भाई की आर्थिक स्थिति मजबूत हो सके। उन्होंने बताया की वर्तमान समय में धान की कटाई हार्वेस्टर से होती है उससे जो अवशेष पराली बचता है उसे जलाना नहीं है इससे उर्वरा शक्ति मिट्टी की कमजोर होती है। किसान उसे खाद के रूप में उपयोग कर सकते हैं। उससे मिट्टी में पोषक तत्व उपलब्ध होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन पर परिवर्तन के अनुसार खेती करने की किसानों को सलाह दी। आत्मा बिटीम धर्मेंद्र कुमार ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजना की जानकारी दी। राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना जिसके तहत सुखाड़ प्रभावित किसान को मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत 3500 रूपया का भुगतान होने वाला है योजना कि जानकारी दी। इसके अलाव कृषक पाठशाला के उद्देश्य, निः शुल्क मृदा परीक्षण,मृदा संकलन की विधि सहित कई योजना की जानकारी दी।मौके पर पैक्स अध्यक्ष खेमलाल महतो, चुरामन कुमार, समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### धु धु कर जली बॉडी गेराज में खड़ी दो बसें, एक एलपी ट्रक को आग से बचाया गया



**दारू।** दारू प्रखंड क्षेत्र के दारू खैरिका में सरस्वती उच्च विद्यालय दारू के पास एक उमेश बॉडी गेराज में खड़े दो बस और एक एलपी ट्रक में आग लग गई। आग से दो बस पूरी तरह जलकर राख हो गया बड़ी मसक्कत से किसी तरह से एलपी ट्रक को जलने से बचाया जा सका। बस विजय एंड विजय के नाम से था और इसके मालिक गिरिडीह निवासी महेंद्र सिंह है। आग लगने के बारे में गेराज के मालिक और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस और ट्रक के बीच मे खड़े बस में चदरा लगाया जा रहा था तभी अचानक से बस में आग लग गई। आग के बारे में जबतक गेराज में खड़े मालिक, मिस्त्री व अन्य लोग कुछ समझ पाते कुछ ही पल में आग ने पूरे बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग लगने की जानकारी जैसे ही लोगो को हुई सभी उसी तरफ दौड़ पड़े और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। दारू थाना प्रभारी अमित कुमार भी सूचना पाकर दलबल के साथ पहुंचे और अग्निशमन विभाग को फोन कर गाड़ी भेजने का आग्रह किया। इस मौके पर एसडीपीओ अनुज उरांव भी मौके पर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। बॉडी गेराज के मालिक उमेश और उनके परिवार का रो रो कर बहुत बुरा हाल था।

### ऑल झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी की भुरकुंडा प्रबंधन के साथ हुई वार्ता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल झारखंड रैयत विस्थापित-प्रभावित मोर्चा केंद्रीय कमेटी व भुरकुंडा प्रबंधन के बीच मंगलवार को मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार के नेतृत्व में वार्ता हुई। इसमें मुख्य रूप से भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी एमके पाठक मौजूद थे। वार्ता में यूनियन ने प्रबंधन से बलकुदरा लोकल सेल चालू कराने व यूनियन की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। जिसपर पीओ मनोज पाठक ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि सीसीएल हेड क्वार्टर बलकुदरा लोकल सेल चालू करने का आदेश देता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है मैं इसके तैयार व सहमत हूं। उन्होंने कहा कि लोकल सेल चालू हो और यहां के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले इससे बढ़िया बात और क्या हो सकती है। वार्ता में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ड आशीष कुमार, महासचिव नरेश नायक, प्रधान महासचिव राजेश वर्मा, ललन सिंह, जयश्री मेहता, संगठन मंत्री नकुल प्रसाद, कोषाध्यक्ष देवनारायण कोल, राजेंद्र नायक, राजेश पासवान, उपाध्यक्ष सुभाष दास उर्फ काला बाबू, मधु बाउरी, राजेंद्र नायक, किशोर नायक, सोमरा मुंडा, रघु मांझी, मोहन मुंडा आदि शामिल थें।

### भारतीय सेना के शौर्य पर हम सभी को गर्व है: रंजन



**रामगढ़।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में भारतीय सेना द्वारा चीनी सैनिकों के दुस्साहस को विफल करते हुए उन्हें खदेड़ दिया गया । भारतीय सेना जिस मजबूती के साथ हमारे सीमाओं की रक्षा कर रही है एवं चीन तथा पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के गलत इरादों को नेस्तनाबूद करते हुए सीमांचल क्षेत्रों में हमारे सीमा की रक्षा मजबूती के साथ कर रही है उससे हर भारतीय का सीना गर्व से चौड़ा हो रहा है। यह बात मंगलवार को भाजपा नेता रंजन फौजी ने कही।

## आदिवासी रैयत विस्थापित संघ ने कहा 14 से होगा चक्का जाम




प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौजूद संघ के लोग

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत के ओवरब्रिज स्थित पेट्रोल पम्प के समीप मंगलवार को आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इसमें संघ के पदाधिकारियों ने यह ऐलान करते हुए कहा कि 14 दिसंबर बुधवार से अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। हमारे क्षेत्र के मदनाटांड़ कोयला उत्खनन कार्य स्थल से एक छटाक कोयला बाहर नही जाने दिया जाएगा। क्योंकि हम विस्थापितो को हमेशा से सीसीएल प्रबंधन द्वारा छलने का कार्य किया जाता रहा है। कहा गया की पीएलआर कम्पनी द्वारा हम रैयतों को किसी भी प्रकार का अधिकार नही दिया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर मुंडा, महासचिव विनय कुमार, पवन कुमार मुंडा, सूरज बाडा, सुनील करमाली, मंटू , अजीत , विकास मुंडा, सुनील मुंडा, वीरेंद्र मुंडा, शत्रुंजय आदि आदि शामिल थें।

## क्षेत्र का हो रहा चहूंमुखी विकास : अंबा प्रसाद

### विधायक अंबा प्रसाद ने पथ निर्माण का किया शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के पोटंगा पंचायत के असवा टोला सतमरा से जतराटांड़ तक होने वाले पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास दिन मंगलवार को स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के कर कमलों द्वारा किया गया। अंबा प्रसाद के द्वारा अनुशंसा के बाद डीएमएफटी मद से उक्त सड़क का कायाकल्प होने वाला है। ज्ञातव्य हो कि विधायक द्वारा अनुशंसित एवं लगातार किए गए प्रयासों के बदौलत काफी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी मद से हुई है। इसी क्रम में पोटंगा पंचायत के असवा टोला सतमरा से जतराटांड़ तक होने वाले सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में इस सड़क का शिलान्यास कियो इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मैं सदैव तत्पर हूं और पूरे विधानसभा क्षेत्र में तेजी से सड़क निर्माण कार्य जारी है आने वाले दिनों में और भी अधिक से अधिक सड़क पास करवाने का काम किया जाएगो अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना हमारा लक्ष्य है। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, राजू यादव, चरका करमाली,जीआर भगत, सतीश मिश्रा, गिरधारी प्रजापति, शमशेर आलम, उर्मिला देवी, सुखदेव गंजू, हकीम मांझी, जगन्नाथ बेदिया, राजेंद्र साहू,सुभाष साहू समेत भारी संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।



शिलान्यास करती अम्बा प्रसाद व अन्य

## मेला पारंपरिक सांस्कृतिक की धरोहर है: रोशन लाल चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर के पाली गांव में चल रहे दो दिवसीय पूस जतरा मेला का सोमवार को समापन हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी शामिल हुए। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी ने कहा मेला पारंपरिक सांसतिक की धरोहर है। मेला के आयोजन से क्षेत्र में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा पीढ़ी अपनी संसति-विरासत को इतनी अच्छी तरीके से सहेज कर रखने के लिए सप्रेम बधाई के पात्र हैं। श्री चौधरी ने कहा कि मेला आपसी भाईचारगी और प्रेम का भी संदेश देता है और यह हमें पूर्वजों की याद दिलाती है। उन्होंने कहा कि मेला में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। इस दौरान कलाकारो ने एक से बढ़कर एक नृत्य व गीत प्रस्तुत कर लोगों को रोत भर झुमाए रखा। मौके पर आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, केंद्रीय सदस्य रामफल बेदिया, जिला उपाध्यक्ष बिंदेश बेदिया, पूर्व जिप अनु देवी, मुखिया रेखा देवी, मोतीनारायण सिंह, जगमोहन बेदिया, पंसस छोटेलाल बेदिया, महेश बेदिया, सुनील बेदिया, घुजा बेदिया, ष्णा सिंह, नरेश बेदिया, राजु नायक, रामविकास बेदिया, आनन्द सिंह व अन्य मौजूद थें।



मेला का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि रोशन लाल चौधरी

## कब्रिस्तान की चहारदीवारी निर्माण का हुआ शिलान्यास



**बरही।** प्रखंड अंतर्गत ड़पोक पंचायत अंतर्गत गरजामु में मानव कल्याण विभाग द्वारा कब्रिस्तान के चाहरदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया गया। योजना की प्राक्कलित राशि 24 लाख 9 हजार 999 रुपये है। शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही प्रमुख मनोज रजक, उप प्रमुख देवलाल खुशवाहा, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के विधानसभा अध्यक्ष मो कयूम, मुखिया इंद्रा देवी उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक श्री अकेला ने कहा कि क्षेत्र में जहां जिस चीज की जरूरत होगी, सभी कार्य होगा, बस क्षेत्रवासियों को अपना धीरज नही खोना है। मौके पर पूर्व मुखिया दशरथ यादव, पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी, अर्जुन रविदास, पूर्व सरपंच बैजनाथ यादव, राजेंद्र यादव, जागेशर यादव, रामेश्वर पांडे, नकुल कर्णदेदेव, मौलाना सुलेमान, मंसूर आलम, अफजल अंसारी, लियाकत अंसारी व अन्य मौजूद थें।

# डीएवी रजरप्पा के सभागार में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** डीएवी रजरप्पा के सभागार में सोमवार को अलग-अलग खेलों से लौटे सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स जोनल लेवल धनबाद, सीबीएसई क्लस्टर झ खोझखो प्रतियोगिता रजरप्पा क्षेत्र एवं सीबीएसई क्लस्टरझ एथलेटिक्स प्रतियोगिता, विकास विद्यालय राँची में आयोजित हुई। डीएवी पब्लिक स्कूल सीएफआरआई धनबाद में डीएवी रजरप्पा के बास्केटबॉल टीम को जोनल लेवल पर ओवरऑल विजेता के खिताब से नवाजा गया था. वही सीबीएसई इंटर स्कूल स्पोर्ट्स एंड गेम्स प्रतियोगिता क्लस्टर लेवलझ खो खो टूनामेंट 2022 का आयोजन डीएवी रजरप्पा में हुआ जिसमें रजरप्पा की खो-खो की बालिका वर्ग टीम विजेता बनकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था. इसी कड़ी में विकास विद्यालय रांची में दिनांक 8.12.2022 से 11.12.2022 चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर थ्री एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 17 एवं 19 वर्ष के बालक और बालिका वर्ग शामिल हुए जिसमें दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने कुल 10 स्वर्ण, 2 रजत एवं 5 कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बेस्ट एथलीट 19 वर्ष बालक वर्ग में श्रीतन वर्मा और दीपक माँझी को दिया गया. बच्चों की इस उपलब्धि पर डीएवी रजरप्पा परिवार गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इन सभी प्रतिभागियों को सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव ने डीएवी विद्यालय के सभागार में सम्मानित किया।



स्वागत करते जीएम

## स्पीड न्यूज

### फिल्म काली का हुआ मुहूर्त



**गढ़वा।** शहर के मां गढ़देवी मंदिर परिसर में मंगलवार को फिल्म काली का मुहूर्त किया गया। मौके पर फिल्म के निर्देशक पुलिन बिहारी मित्र ने बताया कि ये फिल्म परिवारिक व सामाजिक फिल्म है। फिल्म निमार्ता दया शंकर ने बताया कि इस फिल्म की शूटिंग जनवरी में शुरू होनी है, तब खारवांस रहेगा। लोगों की मान्यता है कि कोई भी शुभ कार्य शुभ मुहूर्त में होना चाहिए। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए फिचर फिल्म काली का मुहूर्त किया। फिल्म की शूटिंग जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में शुरू होनी है। फिल्म के नायक कमल रंजित ने बताया कि एक फिल्म को बनाने में चार से पांच महीने लगते है। मौके पर डीओपी विकाश कुमार ऋषि, रविन्द्र कुमार, संगीत निर्देशक बसंत कुमार, गीतकार संतोष कुंवारा, विवेक, केके यादव, किरण गुप्ता, नीरज श्रीधर, अरविंद तिवारी, दीपक वर्मा सहित कई कलाकार उपस्थित थे।

### नये शाखा प्रबंधक ने दिया योगदान



भवनाथपुर। झारखंड ग्रामीण बैंक बुका शाखा के कर्मियों के नहीं रहने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को दैनिक अखबार में प्रमुखता से खबर छपने के बाद नये शाखा प्रबंधक दिव्या कुमारी ने योगदान दे दिया। जिसके बाद सुचारू रूप से ग्राहकों का कार्य शुरू हो गया है। बताते चलें कि सोमवार को दर्जनों महिला पुरुष व स्कूली छात्र बैंक में अपने कार्ययोजना के लिए पहुंचे थे। जहां शाखा प्रबंधक सहित अन्य कर्मियों के नहीं रहने के कारण काम नहीं होने से ग्रामीणों ने हंगामा भी किया था। ग्राहक अनिल राम, रामु मेहता, बुधन कुमार गुप्ता, विद्यावती देवी, रंजीता देवी, कलावती देवी, गुड्डी देवी ने कहा कि 15 दिनों से प्रतिदिन हम लोग बैंक में आ रहे हैं। मैनेजर के नहीं रहने के कारण हमारे बच्चों का पैसा नहीं निकासी हो पा रहा है।

### चना बीज नहीं मिलने किसान परेशान

भवनाथपुर। सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर दिए जाने वाला चना का बीज किसानों के बीच कछुआ की चाल की तरह वितरण होने के कारण बुवाई का सीजन निकल रहा है। किसान को समय पर बीज नहीं मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय के चक्कर काट रहे है। अगर सही मायने में किसानों की संख्या पर गौर किया जाय तो उक्त अनुदानित बीज ऊंट के मुंह मे जीरा के बराबर साबित हो रही है। तो वही दूसरी ओर प्रखंड कार्यालय में रखे गए चना का बीज को चोरों द्वारा चोरी की जा रही है।प्रभारी कृषि पदाधिकारी राजगीरा राम ने पूछे जाने पर कहा कि चार पांच किलो ही चना कि चोरी हुई है तो क्या हुआ। बताते चले कि भवनाथपुर प्रखंड में किसानों के लिए 37 क्विंटल चना का बीज किसानों के बीच वितरण करने के लिए आया हुआ है। जिसमे क्लस्टर बना कर वितरण करना है। वर्तमान में सिर्फ अरसली दक्षिणी पंचायत में कुछ किसानों के बीच चना का बीज वितरण किया गया है।

### आयुष चिकित्सक के साथ मारपीट



भवनाथपुर। भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल में कार्यरत आयुष डॉक्टर डा. निशंक निश्रम के साथ बीती रात्रि में शराब के नशे में धुत अज्ञात युवक के द्वारा गाली-गलौज करते हुए मारपीट की घटना घटी है। इस दौरान आयुष डॉक्टर के हाथ के अंगुली भी फ्रैक्चर हो गया है। घटना की सूचना पर पुलिस को अस्पताल पहुंचने के पहले ही युवक फरार हो गया है। घटना के बाद अस्पताल कर्मियों में भारी आक्रोश है। स्थानीय सीएचसी में सोमवार की रात्रि में आयुष डॉक्टर डा. निशंक निश्रम तैनात थे। अस्पताल में दुर्घटनाग्रस्त चिंताजनक स्थिति में मरीज आये हुए थे, उन्होंने त्वरित सभी को प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से गढ़वा भेजने के लिए रेफर किया, मरीज को एंबुलेंस पर चढ़ा भी दिया गया। इतने में शराब के नशे में धुत बुका गांव का युवक आया और एंबुलेंस के आगे खड़ा होकर सभी को गाली-गलौज करते हुए एंबुलेंस को रोक दिया। जिसकी सूचना पर जैसे युवक को डॉक्टर ने समझाने पहुंचे वैसे ही उक्त युवक डॉक्टर को भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। जिसे देखकर सभी लोग हतप्रभ हो गए। इतने में आयुष डॉक्टर ने स्थानीय प्रशासन को इसकी सूचना दी, लेकिन प्रशासन के अस्पताल पहुंचते ही युवक फरार हो गया।

### जिप सदस्य ने डीसी को दिया ज्ञापन



**कांडी।** जिला परिषद क्षेत्र कांडी उत्तरी की सदस्य सुषमा कुमारी ने उपायुक्त से मिलकर प्रखंड की कई ज्वलंत समस्याओं के समाधान की मांग की है। जिला परिषद सदस्य सुषमा कुमारी ने सोमवार को उपायुक्त रमेश घोलप से मिलकर उन्हें एक ज्ञापन समर्पित किया। जिसके माध्यम से कांडी की कई समस्याओं के समाधान की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि जिला के एक प्रमुख तथा महत्वपूर्ण बाजार कांडी की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाकर लोगों के क्रय विक्रय का मार्ग प्रशस्त किया जाए। बाजार की जमीन का पूरी तरह अतिक्रमण कर लिए जाने के कारण सड़क पर बाजार लगता है। बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराकर इसका सुंदरीकरण कराया जाए। आजादी के अमृत वर्ष एवं कांडी प्रखंड सृजन के 23 वर्षों के बाद भी प्रखंड मुख्यालय में एक भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है। शौचालय निर्माण के लिए कालेज रोड व प्रखंड कार्यालय के सामने सरकारी जमीन उपलब्ध है। महिला व पुरुषों के लिए दस दस सीट का सेप्टिक टैंक शौचालय, मुत्रालय व स्नानागार का निर्माण कराया जाए। प्रखंड क्षेत्र के बिजली विहीन गावों का अतिशीघ्र बिजलीकरण कराया जाए। मौके पर जिप सदस्यों के साथ भी एक बैठक की गयी। जिसमें अपने क्षेत्र की अनेक समस्याओं को उठाते हुए उनके कारगर समाधान की मांग की।

# नक्सलियों ने तीन वाहनों का फूंका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरैनी पंचायत के करमाही जंगल में चल रहा था पीएमजीएसवाई का सड़क निर्माण कार्य, दहशत**

**चतरा।** प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन के नक्सलियों ने लेवी के लिए एक और घटना को अंजाम दिया है। सड़क निर्माण कार्य में लगे वर्णवाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो जेसीबी व एक ट्रैक्टर को नक्सलियों ने फूंक दिया है। घटना सोमवार की रात सदर थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित चतरा-लावालौंग सीमा पर स्थित बरैनी पंचायत के करमाही जंगल में हुई है। बताया जा रहा है कि साढ़े पांच करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य इन दिनों किया जा रहा है। सोमवार की रात कंपनी के साइट पर अचानक 20 की संख्या में नक्सलियों ने धावा बोल दिया, वहां पर खड़े वाहनों में आग लगा दी। वर्णवाल कंस्ट्रक्शन की जिन गाड़ियां को नक्सलियों ने फूंका वह लुटु-तिलैया सड़क निर्माण कार्य में लगी थी।

माओवादियों की इस घटना को अंजाम देने के बाद से इलाके में एक बार फिर से दहशत फैल गई है। वहीं इस घटना के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मजदूर व कर्मी भी दहशत में हैं। घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने कई राउंड फायरिंग करते हुए जंगल की ओर भाग खड़े हुए। सदर थाना पुलिस को ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद पड़ताल में पुलिस जुट गई है। बताया जा रहा है कि बढ़ती नक्सल गतिविधि व पुलिस के मनाही



के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संवेदक और कंस्ट्रक्शन कंपनियां गंभीर नजर नहीं आ रही हैं, जिसके कारण ऐसी घटनाएं जिले में हो रही है। पुलिस के आग्रह के बावजूद संवेदनशील इलाकों में काम कर रहे कंस्ट्रक्शन कार्य की जानकारी कंपनी नहीं दे रही है जिससे पुलिस की चुनौती बढ़ती जा रही है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वन कटाई का डीएफओ ने लिया संज्ञान, कार्रवाई का दिया निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जिले में बेखौफ हो रही जंगल की कटाई, वन विभाग मौन, आखिर कौन जिम्मेदार

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड के वन प्रक्षेत्र में जंगल की कटाई की खबर को खबर मंत्र अखबार ने प्राथमिकता से छापी थी। छपी खबर को कोडरमा डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने संज्ञान में लेते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

विदित हो कि 10 दिसम्बर शनिवार को खबर मन्त्र अखबार ने प्रमुखता से जंगल में पेड़ों की कटाई को प्रमुखता से छापा था। छपी खबर में थाना क्षेत्र के वन परिक्षेत्र अंतर्गत दरदाही स्थित पन्दना जंगल, कादोडीह स्थित मां चोलखो पहाड़ी जंगल, बेहरवा जंगल, कनीकेन्द जंगल, देवीपुर, नावाडीह रेलवे स्टेशन स्थित बेला जंगल आदि क्षेत्रों में पेड़ों की कटाई की बात कही गई थी। जिसके बाद कोडरमा डीएफओ सूरज कुमार सिंह ने मामले को संज्ञान में लेकर करवाई का आदेश दिया है।

### जयनगर ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट बालक-बालिका वर्ग का फाइनल मैच बागीटांड़ स्टेडियम में मंगलवार को संपन्न हुआ। स्थानीय विधायक एवं पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त आदित्य रंजन, जिप अध्यक्ष रामधन यादव मौजूद रहे। वहीं बालक वर्ग में कोडरमा व जयनगर के बीच मैच खेला गया। जिसमें निर्धारित समय में कोई भी गोल नहीं हुआ। जिसके बाद पुनः 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया, इसमें भी दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुई। फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें जयनगर ने कोडरमा को 5-4 से हराया और चैंपियन बना।

# सदर अस्पताल समेत पीएचसी में जरूरी दवाएं नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के सदर अस्पताल सहित विभिन्न पीएचसी केंद्रों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध नहीं है। ऐसे में इमरजेंसी में आए मरीज अधिकतर दवाएं बाहर से खरीदने को मजबूर हैं। इन दिन प्रतिदिन सदर अस्पताल में लगभग 500 मरीज ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं एसीलॉक इंजेक्शन, पेन किलर समेत अन्य दवाएं उपलब्ध नहीं है। जिससे आने वाले गरीब मरीज को भारी परेशानी हो रही है। वहीं गैस की दवा, बच्चों का एंटीबायोटिक, कफ सिरप सहित कई आवश्यक दवाएं मरीज को बाहर से खरीदना पड़ रहा है। हालांकि उपायुक्त आदित्य रंजन स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आंगनवाड़ी पर विशेष ध्यान दे रहे हैं,



साथ ही व्यवस्था को बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं उन्होंने जिला स्वास्थ्य विभाग को अस्पताल में अनुपलब्ध आवश्यक दवाएं आयुष्मान से खरीदने का भी निर्देश दिए थे, इसके बाद भी अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में अनदेखी की जा रही है। वहीं यहां आने वाले मरीजों को ब्लड जांच, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे सस्ते दरों पर उपलब्ध कराया गया है। हालांकि इस मामले में सीएस से पूछे जाने पर जवाब देने से मुकरते दिखे।

### कंबल के लिए टालमटोल कर रहे हैं अधिकारी : उपप्रमुख

**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के उपप्रमुख राहुल गुप्ता ने प्रखंड के कर्मियों के द्वाराअपमानित करने की शिकायत जिला के उपायुक्त से की है उन्होंने पत्र में लिखा है कि प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों को गरीब ,बेसहारा , बुजुर्ग को ठंड से बचने हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष वितरण हेतु कंबल उपलब्ध कराया जाता रहा है । जो प्रत्येक वर्ष मुझे भी पिछले कार्यकाल में पंचायत समिति सदस्य रहते मिलता था । परंतु इस वर्ष प्रखंड के कर्मियों से मांगे जाने पर प्रत्येक दिन टालमटोल कर रहें हैं ।प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधियों को अच्छी संख्या में वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है। और मुझे एक भी नहीं उपलब्ध कराया गया है ।

# चतरा में लेवी मांगने वाले दो नक्सली समर्थक अरेस्ट

**सिमरिया ।** लावालौंग थाना क्षेत्र में जलापूर्ति योजना निर्माण में माओवादी संगठन के नाम पर लेवी मांगने वाले युवक संतोष गंझू को संयुक्त छापेमारी में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसडीपीओ अशोक कुमार प्रियदर्शी ने बताया कि लावालौंग क्षेत्र में जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य जारी है। जिसमें नक्सली संगठन का सेवादार संतोष गंझू,पिता स्व योधी गंझू, ग्राम बुलबुल थाना लावालौंग ने अपने मोबाइल से लगातार सवेंदक से लेवी की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत जिला एसपी को दी गयी।पुलिस अधीक्षक चतरा के निर्देशानुसार सिमरिया



थाना में मामला दर्ज करते हुए इसके विरुद्ध छापेमारी टीम गठित टीम तैयार की गयी।

टीम ने उसके मोबाइल के लोकेशन पर लेवी मांगने वाले संतोष को दो मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं नक्सलियों के सहयोग करने वाले तथा अफीम के खेती करने वाले सुनेश यादव,पिता प्रसादी यादव,ग्राम मोहलनिया ,थाना छकरबन्दा ,जिला गया बिहार को भी जेल भेज दिया गया है।छापेमारी टीम में सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार,लावालौंग थाना प्रभारी नन्दन कुमार सिंह,रामदेव वर्मा,शशिकांत साहू के अलावे सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### अनाज घोटाला के विरोध में एटक नेता का अनशन दूसरे दिन जारी



**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड में हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अनाज घोटाले के विरोध में आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। अनशन कर्ता एटक नेता विनोद बिहारी पासवान का कहना है कि जब तक मांगे पूरी नहीं होती आमरण अनशन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रभारी एमओ के पद पर रहते हैं घोटाले की निष्पक्ष जांच संभव नहीं है। जांच होने तक उन्हें पदमुक्त किया जाए जिसके बाद दोषियों पर कार्रवाई हो। इस बीच अनशन करता का स्वास्थ्य जांच किया गया। अंचल अधिकारी छुटेश्वर दास और थाना प्रभारी विवेक कुमार अनशन स्थल पर पहुंचे तथा अनशन के विषय वस्तु की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि विषय वस्तु अनुमंडल पदाधिकारी को अवगत कराई जाएगी। इस बीच आंदोलन कर्ता ने 14 दिसंबर को सिमरिया बंद रखने का आह्वान किया है। घोटाले को लेकर किए जा रहे हैं । अनशन का जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार समर्थन दिया जा रहा है।

# उप सचिव ने की चार स्कूलों की जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**9 से 3 बजे तक स्कूल में उपस्थित रहे शिक्षक : ओमप्रकाश तिवारी**

**मझिआंव (गढ़वा)।** शिक्षा विभाग सचिव के निर्देशानुसार उपसचिव ओमप्रकाश तिवारी ने मझिआंव प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र के चार विद्यालयों की जांच की। इस दौरान सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय बकोइया में जांच किया गया। जहां रगांरोहन नहीं होने पर प्रधानाध्यापक को कड़ी फटकार लगाते हुए अविलंब विद्यालय को रंगवाने का निर्देश दिया। वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय बकरी बाजार मझिआंव में स्कूली बच्चों के साथ प्रार्थना में शामिल हुए। वहीं प्रार्थना के बाद विद्यालय के साफ-सफाई पर भड़कते हुए साफ सफाई का निर्देश दिया। साथ ही सभी शिक्षकों से कहा कि ससमय विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों के शिक्षा पर विशेष ध्यान दें।

वहीं सीआरपी को निर्देश दिया कि विद्यालय का अनुश्रवण पर रिपोर्ट करें। उसके बाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचकर बालिकाओं की उपस्थिति पंजी जांच की गई। वही विद्यालय और दो निर्मित एवं खिड़की



दरवाजा खराब देख कहा कि अभिलंब संवेदक के द्वारा ठीक करवाएं। वार्डन को कड़ी फटकार लगाते हुए साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। मुखदेव हाई स्कूल प्लस टू उप सचिव ओमप्रकाश तिवारी पहुंचे और सभी क्लासों में पहुंचकर शिक्षा की गुणवत्ता प्राप्त किया। साथ ही प्रधानाध्यापिका समीता कुमारी को छुट्टी से संबंधित निर्देश दिए कि अवकाश पंजी में एंट्री कर ही शिक्षकों को छुट्टी दें। वहीं गंदगी देख प्रधानाध्यापिका को फटकार लगाते हुए साफ सफाई करवाने का निर्देश दिया। इसी तरह उप सचिव के द्वारा सभी विद्यालयों में निर्देश दिया गया कि शिक्षक नियमित समय 9 बजे से 3 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित बच्चों को विद्यालय से बाहर नहीं जाने दे। अगर समय अनुसार विद्यालय से बाहर बच्चे पाए जाते हैं तो उन शिक्षकों के खिलाफ विभाग

## एक नजर में

### निदेशक ने किया एनटीपीसी का किया दौरा



टंडवा( चतरा)। एनटीपीसी निदेशक संचालन रमेश बाबू वी दिलीप कुमार, कार्यकारी निदेशक इंधन प्रबंधन का नॉर्थ कर्णपुरा में टंडवा उड़न खटोला से पहुंचे। सभी जीएम और एजीएम के साथ बैठक के तुरंत बाद उन्होंने संयंत्र में चल रही प्रगति का निरीक्षण किया और कोल हैंडलिंग प्लांट, रिक्लेमर,कंट्रोल रूम, बॉयलर, स्विचयार्ड और एयर कूलिंग कंड्रेशनर जैसे विभिन्न संयंत्र उपकरणों का निरीक्षण किया।इसके बाद उन्होंने शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की, उन्होंने प्रगति की समीक्षा की और आगे की कार्रवाई का निर्देश दिया।श्री रमेश बाबू परियोजना की प्रगति से संतुष्टि व्यक्त की और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि आने वाले महीनों में संयंत्र व्यवसायिक रूप से चालू हो।सोमवार को उन्होंने प्लांट जलाशय और बैराज क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने वाटर पंप हाउस का उद्घाटन किया।जो जल पंप से पूरे संयंत्र में पानी की आपूर्ति करने में सहायता करेगा। अपने दौरे के दौरान उन्होंने युवा अधिकारियों के साथ बातचीत की और उन्हें अपने अनुभवों को साझा किया।इस मौके पर सीजीएम तजिंदर गुप्ता, ओएंडएम जीएम दीप्तेंदु मंडल, जीएम परियोजना लाडू किशोर बेहरा, जीएम अनुरक्षण अंजना रंजन दास, महाप्रबंधक ईंधन सोमनाथ बेरा,अपर महाप्रबंधक तकनीकी बृजराज प्रसून, एजीएम मानव संसाधन अनिल चावला, एजीएम पीएंडएस जुनैद जावेद, एजीएम मानव संसाधन धीरज गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक आरएंडआर लोकेश कुमार एवं सीनियर जीएम मानव संसाधन अभिषेक आनंद मौजूद थे।

### शतरंज प्रतियोगिता में इंद्रजीत का चयन



**टंडवा( चतरा)।** तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता बोकारो एंड करगली एरिया में आयोजित अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए मगध- संघमित्रा कोल परियोजना क्षेत्र से इंद्रजीत कुमार पाण्डेय का चयन हुआ है। जो 13 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। इंद्रजीत कुमार पांडेय ने बताया कि लगभग 13 से 14 एरिया से लोग खेलने आए हुवे हैं, शुरूवाती दिन में दो राउंड खेला गया, जिसमें दूसरा राउंड में एक पॉइंट आया। जबकि दूसरा दिन का खेल आज खेला जाएगा। ततपश्चात अंतिम दिन जितने वाले टॉप पांच खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा एवं अंतर क्षेत्रीय से कोल इंडिया के तहत इंटर कम्पनी शतरंज प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर स्वागत के साथ विदाई की जाने की जानकारी दी गई। इधर इंद्रजीत की चयन से मगध संघमित्रा कोल परियोजना के लिए गौरव की पल है।

### बिजली चोरी को लेकर 30 लोगों पर केस

**कोडरमा।** विद्युत विभाग की ओर से चलाए गए अभियान में जिला के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की गई। छापेमारी अभियान के दौरान 88 लोगों के यहां छापेमारी की गई, जिसमें 30 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया गया। जिनके विरुद्ध करीब 6 लाख 58 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया। टीम ने झुमरीतिलैया के विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें 30 लोगों के यहां छापेमारी की गई। जिसमें 13 लोगों पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज किया गया।

### जिप अध्यक्ष ने महिला को किया रक्तदान

**कोडरमा।** जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने मंगलवार को सदर अस्पताल में भर्ती जयनगर पिपचो निवासी 30 वर्षीय सोनी देवी पति जय कुमार को सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में जाकर रक्तदान किया। वहीं उन्होंने कहा कि रक्तदान करने में एक अलग ही अनुभूति होती है। रक्तदान करने से किसी का जीवन बच सकता है। इसलिए सभी को आगे आकर बढ़चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए। जिससे किसी का जीवन बचाया जा सकता है।

### पैक्स अध्यक्ष निर्वाचित हुए सुरेश यादव



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के नावाडीह पैक्स अध्यक्ष चुनाव को लेकर मंगलवार को मतदान कराया गया। अध्यक्ष पद के लिए सुरेश प्रसाद यादव तथा जयेन्द्र प्रसाद यादव ने नामांकन किया। नामांकन प्रक्रिया के बाद सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान हुआ। जिसमे कुल 172 लोगों ने मतदान किया। मतदान समाप्ति के बाद मतगणना की शुरूआत की गयी। जिसमें सुरेश प्रसाद यादव को 113 मत मिले, जबकि जयेन्द्र प्रसाद यादव को 59 मत प्राप्त हुआ। इस तरह सुरेश प्रसाद यादव को 54 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया। मौके पर प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी राजू रजक, जनसेवक कुलदीप पासवान, अजय कुमार पंडित सहित दर्जनों किसान व ग्रामीण मौजूद थे।

### मां की डांट से भागकर बच्चा मानपुर पहुंचा

रंका। बच्चे को मां का डांटना मां के लिए काफी महंगा पड़ा। मां की डांट से आहत होकर बच्चा घर छोड़कर बाहर भाग गया। इतना दूर निकल गया कि बच्चा को खुद ही पता नहीं चल पाया कि वह कहां है। जब मां की याद आई तो वह रोने लगा। मानपुर पंचायत के मुखिया हाशिम अंसारी का चालक औरंगाबाद जा रहा था। रेहला प्लेटफार्म पर एक बालक को रोते हुए पाया गया। बच्चा को रोता देख चालक ने उसे अपने घर ले आया। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से उस बच्चे की गुम होने की शिकायत रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय से की। थाना प्रभारी ने बच्चे से प्रेमपूर्वक बात की तो उसने अपना गांव का नाम गोह औरंगाबाद बताया। जिसके बाद थाना प्रभारी ने चापुक थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी से मोबाइल से बात कर बच्चा के माता-पिता को सूचना भेजवाया और मां को बुलाकर बच्चा को सुपुर्द किया।

### नीलगायों के उत्पात से किसान परेशान



रमना। प्रखंड में जहां एक ओर प्राकृतिक आपदा के कारण किसान त्रस्त हैं वहीं दूसरी ओर नीलगायों के उत्पात से भी किसान खेती छोड़ने को मजबूर हैं। रबी फसलों पर नीलगाय के कहर के कारण किसान व्यथित हो गये हैं। किसानों की मेहनत से लगायी गयी फसल को नीलगाय देखते ही देखते चट कर जा रहे हैं। किसानों की जहां पूंजी डूब जा रही है वहीं लिए गये कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। खरीफ फसल के समय मानसून के दगा दे जाने के बाद में किसानों की फसल बर्बाद होने से कमर पहले ही टूट चुकी है। आंकड़ों के अनुसार रमना प्रखंड पहले ही सुखाड़ क्षेत्र घोषित हो चूकी है। रमना प्रखंड के किसानों का कहना है कि खरीफ फसल का उत्पादन नही हुआ है। अभी तक किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल रहा है। जैसे-तैसे किसान खरीप फसल की मार से निकलने के उपरांत रबी फसल की खेती की है परन्तु पूरे क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में नीलगायों का कहर रवि फसल पर इस टूट पड़ा है। खेत में लगी गेहूं, अरहर, चना, सरसों व सब्जी की फसल को नीलगाय नष्ट कर रहे है। इसके कारण किसानों के समक्ष भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। किसानों के अनुसार नीलगाय झुंड में निकलते हैं और खेत को निशाना बनाते हैं। वे पूरी फसल को चट कर जाते हैं। रोहिला के किसान राजेश कुमार सिंह, नंदू पाठक, मानपुर के हेमंत पाठक, कर्णपुरा के विरेन्द्र पांडेय, भागोडीह के धनंजय कुमार सिंह, मड़वनिया के रविन्द्र कुमार पाल, गम्हरिया के दिलीप कुमार सिंह आदि ने सरकार से नीलगाय को पकड़ने की व्यवस्था करने एवं किसानों को क्षतिपूर्ति देने की मांग की है।

